**संचिका संख्या–01 / स्था०राज०–373 / 2025–**
**बिहार सरकार**
**<u>गन्ना उद्योग विभाग</u>**

प्रेषक,

**अरूण कुमार,**
अवर सचिव।

सेवा में,

वित्त **(वै०दा०वि०को०) विभाग,**
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– नवंबर, 2025

विषय :– **श्री शुभम कुमार, सहायक निदेशक, ईख विकास, सहरसा के दिनांक–08.09.2025 से 10.10.2025 तक प्रभार रहित अवधि का सेवा विनियमन की स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि कृषि विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–4142 दिनांक–06.09.2025 क्रमांक–141 द्वारा बिहार कृषि सेवा कोटि–1 (शष्य) समूह 'ख' (मूल कोटि) के पदाधिकारी श्री शुभम कुमार की सेवा गन्ना उद्योग विभाग को सौपी गयी। उपरोक्त अधिसूचना के आलोक में श्री शुभम कुमार, सहायक निदेशक (शष्य), कृषि निदेशालय, मीठापुर पटना के पद का दिनांक–08.09.2025 के पूर्वाह्न में स्वतः भार मुक्त होते हुए श्री शुभम कुमार द्वारा दिनांक–08.09.2025 के पूर्वाह्न मे गन्ना उद्योग विभाग में अपना योगदान समर्पित किया गया।

विभागीय अधिसूचना संख्या–1528 दिनांक–06.10.2025 के क्रमांक–16 द्वारा श्री शुभम कुमार को सहायक निदेशक ईख विकास, सहरसा के पद पर पदस्थापित किया गया है। उपरोक्त अधिसूचना के आलोक में श्री शुभम कुमार के द्वारा सहायक निदेशक, ईख विकास, सहरसा का प्रभार ग्रहण अधिसूचना निर्गत होने के तीन दिनों के बाद दिनांक–10.10.2025 के पूर्वाह्न में ग्रहण किया गया है।

अतएव वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10128 दिनांक–26.12.2003 के आलोक में श्री शुभम कुमार, सहायक निदेशक, ईख विकास, सहरसा का प्रभार रहित अवधि दिनांक–08.09.2025 से 09.10.2025 तक (कुल 32 (बत्तीस) दिनों का) प्रभार रहित अवधि के रूप में विनियमन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. इस पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना की सहमति एवं प्रधान सचिव, गन्ना उद्योग विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह० / –
**अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01 / स्था०राज–373 / 2025–** **/ पटना, दिनांक– नवंबर, 2025**

प्रतिलिपि– महालेखाकार बिहार वीरचचन्द पटेल पथ पटना / कोषागार पदाधिकारी, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –
**अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01 / स्था०राज–373 / 2025–**1793. **/ पटना, दिनांक–**24 **नवंबर, 2025**

प्रतिलिपि–विभागीय लेखा शाखा / श्री शुभम कुमार, सहायक निदेशक, ईख विकास, सहरसा / श्रीमती शालीनता रानी, आई.टी. प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24/11/2025

**अवर सचिव।**



Rajesh Ji Letter